# महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी

**पुरानाजकातघर,विकासविभागइमारत,दूसरीमंजिल,शहीदभगतसिंहमार्ग,मुंबई-४०० ००१**

**इमेलः mhhindiacademy@gmail.comदुरभाष : ०२२- २२६७ २५३९.**


## अ) पुरस्कार योजना

इस योजनातंर्गत सिंधी भाषा के लेखक, साहित्यिकों को विभीन्न साहित्य प्रकार में ९ पुरस्कार प्रदान किए जाते है । इस योजना के लिए निम्नलिखीत स्वरुप में पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं ।

| अ. क्र. | पुरस्कार का नाम | पुरस्कार संख्या | पुरस्कार की राशी |
|---|---|---|---|
| १. | अखिल भारतीय जीवन गौरव सन्मान पुरस्कार | १ | १,००,०००/- |
| २. | सिंधी भाषा के लिखीत पुस्तक/ ग्रंथ को साहित्य /वाङ्मय पुरस्कार | ४ | (प्रति लेखक रु. ५०,०००/-) कुल रु. २,००,०००/- |
| ३. | पत्रकारिता पुरस्कार | १ | रु. २५,०००/- |
| ४. | अनुवाद पुरस्कार | १ | रु. २५,०००/ |
| ५. | काव्य पुरस्कार | १ | रु. २५,०००/ |
| ६. | नवोदितसाहित्यिक पुरस्कार | १ | रु. २५,०००/ |
| पुरस्कार संख्या | | **९** | **कुल राशी :४,००,०००/-** |

**पुरस्कार का क्षेत्र और पात्रता :**

**१. अखिल भारतीय जीवन गौरव सन्मान पुरस्कार :**

सिंधी साहित्यजगत में प्रदीर्घ समय से सिंधी भाषा के विकास - उत्थान के लिए जिनका विशेष योगदान रहा हो, ऐसे वरीष्ठ साहित्यिक को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा ।

- सिंधी भाषा में दर्जापूर्ण साहित्यकृतियों का निर्माण करनेवाले लेखक/ साहित्यकार इस पुरस्कार के लिए पात्र हैं ।
- पुरस्कार्थी का साहित्य क्षेत्र में कर्तृत्व/ जेष्ठत्व सिध्द् होना चाहिए ।
- पुरस्कार्थी का महाराष्ट्र राज्य में कम से कम १५ वर्ष निवासआवश्यक है ।

**२. साहित्य /वाङ्मय पुरस्कार :**

काव्य, उपन्यास, कहानी, निबंध, समीक्षा, अनुवाद, विज्ञान कथा और सिंधी भाषा के विवीध स्वरुप मे गत ३ वर्ष में प्रकाशीत कृतियों कों इस पुरस्कार के लिए चुना जाएगा ।

- पुरस्कारार्थी का कर्तृत्व सिंधी साहित्य क्षेत्र में वादातीत होना आवश्यक है। गत ३ वर्ष में उनका ग्रंथ / पुस्तक प्रसिध्द् आवश्यक है ।
- पुरस्कारार्थी का महाराष्ट्र राज्य में कम से कम १५ वर्ष निवास आवश्यक है ।

**३. पत्रकारिता पुरस्कार :**

पत्रकारीता क्षेत्र में सिंधी भाषा में उल्लेखनीय कार्य करनेवाले व्यक्ती को यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा ।

- पत्रकारिता क्षेत्र में पुरस्कारार्थी लगभग ५ वर्षों से सक्रीय होना चाहीए ।
- पुरस्कारार्थी का महाराष्ट्र राज्य में कम से कम १५ वर्ष निवास आवश्यक है ।

**४. अनुवाद पुरस्कार :**

यह पुरस्कार मराठी भाषा से सिंधी भाषा में तथा सिंधी भाषा से मराठी भाषा में अनुवादीत कृति की रचना करनेवाले साहित्यिक को प्रदान किया जाएगा । गत ३ वर्ष में प्रकाशीत कृतियों कों इस पुरस्कार के लिए चुना जाएगा ।

- पुरस्कार्थी की इससे पहले लगभग २ अनुवादीत कृतियां प्रकाशीत होना आवश्यक है ।
- पुरस्कार्थी का महाराष्ट्र राज्य में कम से कम १५ वर्ष निवास आवश्यक है ।

**५. काव्य पुरस्कार :**

सिंधी साहित्य काव्य प्रकार में विशेष योगदान देनेवाले रचनाकार तथा कवियों को यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा । गत ३ वर्ष में प्रकाशीत कृतियों कों इस पुरस्कार के लिए चुना जाएगा ।

- पुरस्कार्थी का महाराष्ट्र राज्य में कम से कम १५ वर्ष निवास आवश्यक है ।

**६. नवोदित साहित्यिक पुरस्कार :**

उत्कृष्ट सिंधी साहित्य / वाङ्मय कृती के निर्माण हेतू साहित्यिकों को प्रोत्साहन देने के लिए नए पुस्तक प्रकाशन करने के लिए नवोदित साहित्यिक को यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

- पुरस्कारार्थी का महाराष्ट्र राज्य में कम से कम १५ वर्ष निवास आवश्यक है ।

**सर्वसाधारण नियम :**

पुरस्कार योजना के लिए सर्वसाधारण नियम निम्ननुसार है।

- जीवनगौरव पुरस्कार प्रतिवर्ष १ व्यक्ती को दिया जाएगा ।
- जिस साहित्यकार को एक क्षेत्र में पुरस्कार मिल चुका है, उन्हे उसी क्षेत्र में अगले २ वर्ष तक पुरस्कार नहीं दिया जाएगा । किंतू वे दुसरे क्षेत्र के लिए आवेदन कर सकते है ।
- साहित्यकार एक से अधिक श्रेणी में अपनी कृतिया भेज सकते है, किंतू किसी एक वर्ष मे एक ही साहित्यकृति को पुरस्कार देय होगा।
- डी.लिट, पी.एच.डी, एम.फिल को शोधप्रबंध, संपादित तथा अभिनंदन ग्रंथ पुरस्कार के लिए पात्र नहीं होंगे।
- साहित्य/ वाङ्मय पुरस्कार के लिए गत ३ वर्ष के बीच प्रकाशीत कृतियां स्वीकार की जाएगी।